साहस सच दिखाने का
भारत दर्शन
सबसे तेज-सबसे अलग खबरें, अब एक क्लिक पर
www.bharatdarshannews.com



संस्थापक : कर्मयोगी श्री मुखी भीमसेन प्रभाकर



# FARIDABAD

## अग्रवाल महाविद्यालय ने स्वामी विवेकानन्द जयंती पर धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Wednesday,12 January , 2022)

Ballabgarh News, 12 January 2022 (bharatdartshannews.com) : आज दिनांक 12- 01- 2022 को आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय द्वारा देश के महान दार्शनिक व आध्यात्मिक व्यक्तित्व स्वामी विवेकानन्द जी की जन्मतिथि पर अनेक कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर नमन किया व महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का श्री गणेश किया । प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी का जन्मदिवस भारत में हर वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है व स्वामी विवेकानन्द जी की बुद्धिमता और हाजिरजवाबी की पूरी दुनिया कायल थी। प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि पश्चिमी देशों को योग वेदांत की शिक्षा से अवगत कराने का श्रेय स्वामी विवेकानन्द जी को ही जाता है व उन्होंने उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में विश्वपटल पर हिंदू धर्म को एक सशक्त पहचान दिलाई। महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अग्रवाल महाविद्यालय की एनसीसी नेवल यूनिट द्वारा महाविद्यालय में 12 से 16 जनवरी राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रुप में मनाया जा रहा है जिसका आज प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता द्वारा शुभारम्भ किया गया। पूरे सप्ताह में विद्यार्थियों के लिए प्रातः भ्रमण, ध्यान, योग, स्लोगन, भाषण व कविता प्रतियोगिता आयोजित कर "युवा सप्ताह" मनाया जाएगा । साथ ही साथ "स्वामी विवेकानंद जी का जीवन व दर्शन" विषय पर आज महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस व सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । आज ही के दिन महाविद्यालय की एन०एस०एस० यूनिट द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया । इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० सुप्रिया ढांडा द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी को पुष्पांजलि अर्पितकार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण श्रीमती कमल टंडन, डॉ० के० एल० कौशिक, डॉ० अशोक कुमार निराला, डॉ० रामचंद्र, श्री मनमोहन सिंगला, डॉ० ऋतु, डॉ० पूजा सैनी, श्री सुभाष, श्रीमती उदिता व श्री मोहित हुड्डा ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प भेंट कर उन्हें नमन किया।